NT>

Title: Need for early completion of construction of over-bridge on rail line at Palanpur in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat − Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर के रेलवे लाइन पर उपरी पुल को चौड़े किये जाने हेतु लम्बित कार्य की ओर दिलाना चाहता हूं। इस उपरी पुल को चौडे किये जाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। इस संबंध में गुजरात सरकार ने दो तिहाई लागत की रकम 2 करोड़ 99 लाख का एक करोड़ 95 लाख भी दो साल पहले जमा कर दिया है। अब रेलवे विभाग कहता है कि गुजरात सरकार पूरा पैसा जमा करे तभी कार्य शुरू किया जायेगा। दो तिहाई पैसा जमा करने के बाद इस उपरी पुल का प्लान एवं ऐस्टिमेट अभी तक तैयार नहीं किया गया । इस संबंध में रेल मंत्री जी से अनुरोध करने पर जनवरी 2002 को टैंडर निकाला और ग्यारह महीने यानी नवम्बर 2002 में काम को पूरा करना था, परंतु रेलवे विभाग इस कार्य में देरी कर रहा है। उपरी पुल के चौड़े न किये जाने पर इस शहर के बीचोबीच रोजाना जाम रहता है और कई दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं एवं यह उपरी पुल बहुत ही पुराना है।